दिनांक 13.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध भैंस खटालों की तीन दिन के अंदर पानी, बिजली काटने का दिया आदेश

भिलाईनगर/ क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रुप से संचालित भैंस खटालों द्वारा फैलायी जा रही गंदगी की समस्या बढ़ते जा रही है। निगम भिलाई द्वारा बार–बार कार्यवाही करने के बाद भी भैंस खटालधारी पुनः खटाल संचालित करते रहते हैं। किये गये सर्वे के अनुसार निगम क्षेत्र में लगभग 600 सौ से अधिक भैंस खटाल हैं। कई बार प्रशासनिक व जब्ती की कार्यवाही करने के बाद भी भैंस खटाल बंद नहीं हो पा रहा है। स्थानीय निवासियों द्वारा मंत्री महोदय, महापौर, विधायक, कलेक्टर, आयुक्त के पास शिकायत करते रहते हैं। आयुक्त जनदर्शन में भी कई बार शिकायत आते रहती है इसी को देखते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी जोन आयुक्तों को आदेशित किया हैं कि तीन दिन के अंदर सभी अवैध भैंस खटालों से पानी कनेक्शन काट दी जावे। घरेलु उपयोग के लिए पानी का कनेक्शन लेकर खटाल संचालित करते हैं। उन सभी पर कार्यवाही हो। साथ ही छ0ग0 विद्युत मण्डल को भी पत्र लिखकर सूचित किया गया कि सभी खटालों का विद्युत कनेक्शन अवरुद्ध कर दिया जावे। भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र में संचालित भैंस खटालों पर भी कार्यवाही करने के लिए विभाग को कहा गया है। भैंस खटालधारियों द्वारा दुध निकालने के बाद भैंस, गाय को खोल दिया जाता है जो जाकर रोड जाम करती है चारो तरफ गंदगी फैलाती हैं खटाल से निकलने वाले गोबर कचरे को नाली में डाल देते हैं जिससे नाली जाम हो रही है चारो तरफ मच्छर फैल रहें हैं। कई खटालधारी ऐसे हैं जिन्हे गोकुल नगर में प्लाट मिल चुका है फिर भी चोरी छिपे खटाल चलाते हैं । सभी के उपर सक्त कार्यवाही करने का आदेश निगम प्रशासन द्वारा दिया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम भिलाई